लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी, 06:24 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
वर्ष 4, अंक 137, पृष्ठ 14, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, सोमवार, 3 अप्रैल 2023
www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 BOTTOM

आईके कलेक्शन, याड्र्स ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत हुए दो मुकाबले**
- **अल्मा मातेर 107 रन और ओएसिस 6 विकेट से पराजित**

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो मैच खेले गए। जिसमें आईके कलेक्शंस ने अल्मा मातेर को 107 रन के अंतर से हराया और 22 याड्र्स ने टाउन क्लबओएसिस को छह विकेट से पराजित किया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन पहला मैच आईके कलेक्शंस और अल्मा मातेर के बीच खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए आईके कलेक्शंस ने तीन विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जीत के लिए 196 का पीछा करने उतरी अल्मा मातेर की टीम 88 रनों पर ढेर हो गई। 52 गेंदों पर 75 रन की आक्रमक पारी खेलने और एक विकेट लेने वाले आईके कलेक्शन के आकाश को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच 22 याड्र्स और ओएसिस टाउन क्लब के बीच हुआ। ओएसिस की टीम ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी 22 याड्र्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रिजवान ने तीन छक्कों, छह चौकों की मदद से 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ 65 बनाए। 22 याड्र्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत में ओएसिस की ओर से अतिरिक्त दिए गए 28 रनों ने भी अहम भूमिका निभाई। एकतरफा मैच जिताने वाले रिजवान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला होगा।